भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 30.04.2022

आरेडिका में रेलवे बोर्ड के मेम्बर (ट्रैक्शन & रोलिंग स्टॉक) का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 30.04.2022 को रेलवे बोर्ड के सदस्य (कर्षण एवं चल स्टाक) श्री डी.सी. शर्मा ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इसी दौरान श्री शर्मा ने सी.एन.सी. रोबोटिक स्पाट वेल्डिंग मशीन का लोकार्पण, आरेडिका के महाप्रबंधक एवं पीसीएमई श्री एस.एस.कलसी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने बताया कि, सी.एन.सी. रोबोटिक स्पाट वेल्डिंग मशीन के उपयोग से समय, और श्रम की बचत होगी, जो वर्ष 2022–23 के कोच उत्पादन के रेलवे बोर्ड द्वारा प्राप्त लक्ष्यों को पूरा करने में यह मशीन मील का पत्थर साबित होगी।

इसी क्रम में सदस्य महोदय, ने आरेडिका प्रशान्ति परिसर और एडमिन बिल्डिंग का निरीक्षण किया और अधिकारियों से वार्ता की एवं आरेडिका में चल रही विभिन्न योजना–परियोजनाओं की प्रगति को देखा साथ ही साथ क्वालिटी कम्पलेंट एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की ।

इसके साथ ही सदस्य महोदय ने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया एवं प्लांट में विकसित हो रहीं विभिन्न क्रियाकलापों का निरीक्षण किया तथा व्हील की आपूर्ति और गुणवत्ता से सम्बन्धित सुझाव दिये। इस दौरा उनके साथ फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के सीजीएम डॉ श्रीनिवास एवं श्री समीर हलधर मौजूद रहे।

आरेडिका के विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने सदस्य महोदय से मुलाकात की और विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अधिकारी ईडी श्री शैलेन्द्र कुमार, एवं आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन.डी.राव, प्रधान मुख्य विधुत अभियंता श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री महेश कुमार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

A Srivastava
30/04/2022

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी